उत्तर प्रदेश शासन
नागरिक उड्डयन अनुभाग
संख्या: 102/2024/1740/छप्पन-2024-12(सा0)/2024
लखनऊ: दिनांक 09 दिसम्बर, 2024

<u>कार्यालय-ज्ञाप</u>

नागरिक उड्डयन निदेशालय, उत्तर प्रदेश के अधीन अनुरक्षण, सुरक्षा एवं सामान्य प्रशासन इकाई उत्तर प्रदेश, लखनऊ में वायुयान एवियॉनिक्स अनुरक्षण अभियन्ता के पद पर कार्यरत श्री विकास वर्मा को शासनादेश संख्या-85/2022/1700/छप्पन-2022-13(सा0)/2021 दिनांक 25 नवम्बर, 2022 द्वारा रू0 2.25 लाख के नियत मासिक पारिश्रमिक पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से अग्रेत्तर 02 वर्ष के लिए नियुक्त किया गया था, जिसके अनुपालन में श्री विकास वर्मा द्वारा दिनांक 29 दिसम्बर, 2022 को वायुयान एवियॉनिक्स अनुरक्षण अभियन्ता के पद पर कार्यभार ग्रहण किया गया। इस प्रकार दिनांक 28 दिसम्बर, 2024 को इनकी संविदा सेवा पूर्ण हो रही है।

2- निदेशक, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या-207/ना0उ0नि0/व्य0पत्रा0/ 2024 दिनांक 28 अक्टूबर, 2024 द्वारा वायुयान एवियॉनिक्स अनुरक्षण अभियन्ता के पद पर पूर्व शर्तों एवं प्रतिबन्धों के साथ श्री विकास वर्मा की संविदा सेवा अवधि वर्तमान मासिक पारिश्रमिक रू0 2,36,250.00 (रूपये दो लाख छत्तीस हजार दो सौ पचास मात्र) एवं शासनादेश दिनांक 09 सितम्बर, 2014 के अनुसार यथासमय अनुमन्य 05 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि पर दिनांक 29 दिसम्बर, 2024 से अग्रेत्तर 03 वर्ष अर्थात दिनांक 28 दिसम्बर, 2027 तक के लिए बढ़ाए जाने का प्रस्ताव शासन के निर्णयार्थ उपलब्ध कराया गया है।

3- निदेशक, नागरिक उड्डयन के उक्त प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त श्री राज्यपाल नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0 के अधीन अनुरक्षण, सुरक्षा एवं सामान्य प्रशासन इकाई के अन्तर्गत वायुयान एवियॉनिक्स अनुरक्षण अभियन्ता के पद पर कार्यरत श्री विकास वर्मा की संविदा अवधि वर्तमान मासिक पारिश्रमिक रू0 2,36,250.00 (रूपये दो लाख छत्तीस हजार दो सौ पचास मात्र) एवं शासनादेश संख्या-1422/छप्पन-2014-17/2014 दिनांक 09 सितम्बर, 2014 के अनुसार यथासमय अनुमन्य 05 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि पर दिनांक 29 दिसम्बर, 2024 से आगामी 03 वर्ष (अर्थात 28 दिसम्बर, 2027 तक) के लिए बढ़ाए जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

4- श्री विकास वर्मा की संविदा सेवा के सम्बन्ध में अन्य नियम व शर्तें पूर्ववत् जारी रहेंगी।

5- श्री विकास वर्मा से संविदा सेवा वृद्धि के सम्बन्ध में निर्धारित प्रपत्र पर अनुबन्ध निष्पादित कर शासन को अभिलेखार्थ उपलब्ध कराया जाएगा।

कुमार हर्ष
विशेष सचिव

2/--

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

संख्या: 102/2024/1740/छप्पन-2024, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-:

1. निदेशक, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि श्री विकास वर्मा**,** वायुयान एवियॉनिक्स अनुरक्षण अभियन्ता से निर्धारित प्रपत्र पर अनुबन्ध निष्पादित करके उसकी प्रति शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
2. श्री विकास वर्मा**,** वायुयान एवियॉनिक्स अनुरक्षण अभियन्ता, नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।
3. महालेखाकार-प्रथम (लेखा एवं हकदारी), उ0प्र0, प्रयागराज।
4. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
5. वित्त नियंत्रक, नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ एयरपोर्ट, लखनऊ।
6. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7।
7. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
अभिनव कुमार चौरसिया
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।